हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 16 जून 2024


12 माहेश्वरी समाज ने धूमधाम से मनाया महेश नवमी महोत्सव





14 कार्यकर्ताओं की बदौलत सभी 8 विस क्षेत्र में भाजपा को बढ़त मिली ...







## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

**पाठ्यक्रम का नाम**

1. फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
2. बी.एस.सी. इन फायर सेफ्टी
3. पी.जी. कोर्स व्यावसायिक सेफ्टी, स्वास्थ्य व पर्यावरण मैनेजमेंट सिस्टम
4. हैल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
5. सब-फायर ऑफिसर
6. सर्टिफिकेट इन फायरमेन



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी**, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - **मो.- 76972-12782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर एवं मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर- 11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

Advt.






## एसएमसी हॉस्पिटल
### अजुर्नी, धमतरी

नवनिर्मित, सर्वसुविधायुक्त, 100 बिस्तरों का हॉस्पिटल

● अनुभवी विशेषज्ञों की टीम ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज

संपर्क करें - 77250-01343, 77250-46397

- जनरल सर्जरी - हर्निया, हाइड्रोसील, बवासीर
- स्त्री रोग - नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी, हिस्टेरेक्टॉमी
- मेडिसिन - शुगर, बीपी, थाइरोइड, अस्थमा
- शिशु रोग - नवजात से लेकर किशोर बच्चो का इलाज
- एंडोस्कोपी - पेट, लिवर, पैंक्रियास की बीमारियां
- लेप्रोस्कोपी सर्जरी - पित्त की थैली की पथरी, ईईजी, टीएमटी, कॉल्पोस्कोपी, ईसीजी, मैमोग्राफी जैसे अत्याधुनिक मशीनों से जाँच एवं इलाज की सुविधा।



डॉ. प्रदीप साहू
एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच,
शल्यचिकित्सा विशेषज्ञ


## खबर संक्षेप

### राजपूत क्षत्रिय समाज की बैठक आज

**धमतरी।** राजपूत क्षत्रिय समाज की बैठक आज 16 जून को प्रातः 11 बजे इतवारी बाजार धमतरी स्थित राजपूत क्षत्रिय समाज भवन में रखी गई है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवीन राजपूत दुर्ग, ठाकुर हनुमान सिंह वर्मा धमतरी, खुमान सिंह ठाकुर धमतरी, ठाकुर प्रशांत वर्मा धमतरी एवं रंजन सिंह कोंडागांव उपस्थित रहेंगे।

### गातापार में मासिक काव्य गोष्ठी आज

**सिर्री।** संगवारी साहित्य समिति सिर्री के तत्वावधान में ग्राम गातापार में 16 जून को मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन दोपहर 1 बजे किया जायेगा। इसमें क्षेत्र के प्रतिष्ठित कवि विशेष रूप से सम्मिलित होंगे।

### सहकारी कर्मचारी रायपुर में 18 को धरना देंगे

**पुरी।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आह्वान पर 18 जून को सुबह 11बजे नया रायपुर तूता में जायज लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन, महारैली का आयोजन किया गया है। उनकी प्रमुख मांग मध्यप्रदेश शासन की भांति छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रबंधकीय अनुदान राशि लेने, धान खरीदी में सूखत आदि का प्रावधान करने, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के खाली रिक्त पदों पर समिति कर्मचारियों की भर्ती करने एवं सेवा नियम 2018 में संशोधन कर वेतनमान में बढ़ोतरी शामिल है। यह जानकारी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने दी है।

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार घायल

**धमतरी।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरमरा निवासी राजेंद्र निषाद पिता तुलसीराम उम्र 24 वर्ष शनिवार की सुबह बाइक में सब्जी रखकर श्यामतराई सब्जी मंडी जाने के लिए निकला था। इसी दौरान लीलर पथर्रीडीह मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने बाइक को चपेट में ले लिया। ट्रैक्टर की ठोकर से युवक बाइक सहित सड़क पर गिर गया। इस घटना में युवक के सिर व पैर में गंभीर चोट लगी है। संजीवनी 108 की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रिफर कर दिया गया। घायल युवक को श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल का उपचार जारी है।



■ पथर्रीडीह के पास हुआ हादसा

कलेक्टोरेट-कंपोजिट बिल्डिंग में नहीं है एक भी अग्निशमन यंत्र


# जिले के सबसे बड़े सरकारी दफ्तर में ही सुरक्षा कमजोर


हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के सबसे बड़े सरकारी कार्यालय में ही सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। कलेक्टोरेट में 86 कमरे हैं। इसी प्रकार कम्पोजिट बिल्डिंग में 60 कमरे हैं, जहां पर अधिकांश सरकारी कार्यालय हैं और सैकड़ों कर्मचारी काम करते हैं। इन कार्यालयों में एक अग्निशमन यंत्र नहीं है।

बलौदाबाजार की घटना के बाद प्रदेश के सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। धमतरी जिला कलेक्टोरेट में ही सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। हरिभूमि ने कई शासकीय दफ्तरों का निरीक्षण किया। कलेक्टोरेट भवन और कम्पोजिट बिल्डिंग में एक भी अग्निशमन यंत्र नहीं मिला। कम्पोजिट बिल्डिंग की स्थिति यह है कि यहां पर पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है। काफी पुराने एक बोर से पानी की सप्लाई होती है। ऐसे में आगजनी जैसी आपात स्थिति में इन भवनों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग गया है। उल्लेखनीय है कि कुछ साल पहले कलेक्टोरेट के पोर्च में तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर प्रवीण वर्मा की गाड़ी में आग लग गई थी। तब इधर-उधर से अग्निशमन यंत्र लाकर आग पर काबू पाया गया है। इस घटना को कई साल बीत गए हैं, परंतु आज तक कलेक्टोरेट में ऐसी घटनाओं से निबटने के लिए व्यवस्था नहीं की गई है।







### सुरक्षा की अनदेखी

कलेक्टोरेट और कम्पोजिट बिल्डिंग में कुल 146 कमरे हैं, जहां पर सैकड़ों कर्मचारी काम करते हैं। इसके अतिरिक्त अत्यंत जरूरी दस्तावेज भी हैं। रिकार्डरूम जमीन संबंधी सालों पुराने रिकार्ड हैं। इन रिकार्डों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रिकार्डरूम में आग बुझाने के लिए मात्र तीन बाल्टियां हैं, जिनमें रेत भरी हुई है। कृषि विभाग, सांख्यिकी सहित अन्य विभागों में भी जरूरी रिकार्ड रखे हुए हैं। कर्मचारियों के साथ इन रिकार्डों की सुरक्षा भी दांव पर है।

### दूसरों के लिए नियम

होटल, फैक्ट्री, दुकान सहित अन्य संस्थाओं को फायर सेफ्टी एनओसी लेना अनिवार्य किया गया है। फायर बिग्रेड के अधिकारियों द्वारा संस्थाओं में अग्निसुरक्षा के उपायों की जांच-परख के बाद उन्हें एनओसी दी जाती है। नियम के तहत संस्थाओं में अग्निसुरक्षा उपाय रखना अनिवार्य है। नियम का उल्लंघन करने पर संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई के भी प्रावधान हैं। विडंबना यह है कि जिले के सबसे बड़े सरकारी कार्यालय में जहां पर सुबह से शाम तक कर्मचारी काम करते हैं, वहां पर ही अग्निशमन के नियमों की अवहेलना की जा रही है।

### आए दिन होता है प्रदर्शन

घटना 15 साल से ज्यादा पुरानी है तब धमतरी में कलेक्टर टीसी महावर थे। एक विशेष समुदाय द्वारा जिला कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी दौरान भीड़ इतनी उग्र हुई कि उन्होंने कलेक्टोरेट में धावा बोल दिया। पूरे परिसर में घूम-घूम कर उन्होंने जमकर तोड़फोड़ की। खिड़की-दरवाजे, आलमारियां, टेबल-कुर्सियों को नुकसान पहुंचाया था। इस घटना के निशान आज भी कलेक्टोरेट में देखे जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टोरेट परिसर में आए दिन प्रदर्शन होते रहता है। ऐसे में सुरक्षा के उपाय रखना निहायत ही जरूरी है।

### यहां मिली व्यवस्था

कलेक्टोरेट के सामने ही जिला पंचायत का भवन है, जहां पर एक नहीं 8 अग्निशमन यंत्र हैं। 4 अग्निशमन यंत्र भूतल और 4 प्रथम तल पर लगे हैं। इन यंत्रों की रिफलिंग एक माह पहले हुई है। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दो यंत्र लगे हैं। एक भूतल में और दूसरा प्रथम तल में है। इनकी रिफिलिंग अगले माह होनी है।



## सोरिद पुल की रेलिंग से टकराई कार, तीन घायल

**धमतरी।** पुरुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार पुल की रेलिंग से टकरा गई। इस घटना में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात्रि कार क्रमांक सीजी 05 एएल 8737 पुरूर से धमतरी की ओर आ रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सोरिद पुल की रेलिंग से टकरा गई। कार की टक्कर से रेलिंग पर लगे लोहे का पोल उखड़कर अलग हो गया। वहीं कार के सामने के दाहिने तरफ का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि कार में चार लोग सवार थे। पुल से टकराने के बाद कार सवारों में चीख पुकार मच गई। इस घटना में एक किशोरी सहित तीन लोगों को गंभीर चोट आई है। घटना को देख आसपास के लोग मदद के लिए मौके पर पहुंच गए। घायलों को वहां से गुजर रहे अन्य वाहन की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायल निजी अस्पताल में उपचार कराने चले गए।हादसे में उदित, सोनम व तानसेन घायल हुए हैं। तीनों नगरी क्षेत्र के रहने वाले हैं।

■ कार के सामने का हिस्सा हुआ क्षतिग्रस्त



## कोटवारों ने मांगा भू-स्वामित्व का अधिकार

**कोटवार संघ ने कलेक्टर से लगाई गुहार**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पीढ़ियों से कोटवारी का कार्य करते आ रहे कोटवारों ने मालगुजारी भूमि में भू-स्वामित्व का अधिकार मांगा है।

जिला कोटवार संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता द्वारा सुझाए गए मार्गदर्शन के अनुसार जिन कोटवारों द्वारा विधि विपरीत जमीन का विक्रय किया गया है, उक्त भूमि को सेवा भूमि दर्ज करने का है। छग सरकार राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी कलेक्टर को इसका आदेश दिया है लेकिन ग्राम के पदस्थ हल्का पटवारियों द्वारा बिना किसी वैध कारण के सभी कोटवारों की जमीन को सेवा भूमि दर्ज किया जा रहा है। इससे कोटवारों के हक का हनन हो रहा है।

कोटवार संघ के राकेश कुमार नगारची डाही, कोमलसिंह, मेघनाथ सोनवानी, दुर्गाबाई महार, देवराम, लवकुश, किसुनराम, उमाशंकर, किशन मेश्राम ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा है कि पीढ़ी दर पीढ़ी कोटवारी कार्य करते आ रहे कोटवारों को प्राप्त मालगुजारी भूमि में भू-स्वामित्व का आधिकार प्रदान करते हुए सेवा भूमि को विलोपित करने की मांग कलेक्टर से की है।

## जंगली सुअर के हमले से मजदूर महिलाएं घायल


हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रोजगार गारंटी के तहत कार्य में जुटे मजदूरों पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। इस घटना में दो महिला सहित पांच से अधिक मजदूर घायल हो गए।

घायलों के अनुसार रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्राम आगेसरा थाना रनचिरई में नाला निर्माण कार्य चल रहा है। इस कार्य में 4 से 5 सौ मजदूर लगे हुए हैं। रोजाना की तरह शनिवार की सुबह ग्राम आगेसरा निवासी भोजबाई साहू पति हेमलाल उम्र 38 वर्ष व मूलिया बाई पटेल पति कलिराम उम्र 60 वर्ष गांव के अन्य लोगों के साथ रोजगार गारंटी कार्य में गई थी। सभी मजदूर नाला खनन कार्य में जुटे थे। इसी दौरान अचानक झुरमुट से एक जंगली सुअर निकलकर आया और भोजबाई व मूलिया बाई सहित अन्य चार मजदूरों पर हमला कर घायल कर दिया। हमला करने के बाद जंगली सुअर खेतों की ओर भाग गया। इस हमले में मूलिया बाई को अंदरूनी चोट आई है। वहीं भोजबाई के पैर में चोट लगी है। अन्य मजदूर मामूली रूप से घायल हुए हैं। संजीवनी 108 की मदद से घायल दोनों महिलाओं को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। महिलाओं का उपचार जारी है। अन्य घायल मजदूर बटरेल के अस्पताल में इलाज कराने के बाद घर चले गए।



रोजगार गारंटी कार्य के दौरान हुई घटना



हरित न्यायाधिकरण के आदेशानुसार वर्षाकाल के चार महीने रेत खदानें रहेंगी बंद

# महानदी से रेत की निकासी पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वर्षाकाल 15 जून से 15 अक्टूबर तक के लिए जिला सहित प्रदेश की तमाम रेत खदानों पर प्रतिबंध लग गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की गाइडलाइन के तहत आदेश जारी हो गया है। ज्ञात हो कि जिले में पांच वैध खदानें हैं जबकि अनेक अवैध खदानें संचालित हैं। इधर जिले में 40 से अधिक अवैध रेत भंडारण होने की शिकायत सामने आई है। खबर है कि खनिज विभाग ने राजपुर की शासकीय जमीन पर खेत भंडारण की परमिशन दी है जिसका जांच में खुलासा हो सकता है।

जिले में पांच रेत खदान दर्री, दोनर, परेवाडीह, सोनेवारा तथा बारना वैध है। इसके अलावा भरारी, लीलर, लड़ेर, डाभा, राजपुर, नरहडीह, सौगा, मंदरौद, सेलदीप, नारी आदि अवैध खदानें प्रशासन की नाक के नीचे चल रही हैं। यहां चेन माउंटेन मशीन के माध्यम से हाइवा एवं महाराष्ट्र की ट्रकें रेत लोडिंग के लिए पहुंच रही हैं।

रेत खदान संचालक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खनिज विभाग ने 10 जून से खदानों को पिटपास देना बंद कर दिया है। रेत खदान में हाइवा वाहनों को पिटपास नहीं देने से हाइवा संचालक अपने रिस्क पर रेत का परिवहन कर रहे हैं। रेत खदान ठेकेदार वर्षाकाल के लिए रेत का भंडारण कर रहे हैं। भंडारण के लिए खदान ठेकेदार जितना घनमीटर का पिटपास काटेंगे उतना घनमीटर का भंडारण वाला पिटपास खनिज विभाग जारी करेगा।



### दर्जनों स्थानों पर अवैध भंडारण

जिले में 60 वैध भंडारण केंद्र हैं। रेत भंडारण के लिए जमीन का डायवर्सन कराने के नियम के चलते वैध भंडारण पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा जिले में दर्जनों स्थानों पर रेत माफियाओं ने रेत डंप कर रखा है। सफेदपोश एवं रसूखदार लोगों के संरक्षण में अवैध रेत भंडारण पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। बताया जा रहा है कि राजपुर में शासकीय जमीन पर रेत भंडारण की परमिशन खनिज विभाग द्वारा दी गई है जिसकी शिकायत हुई है। जांच के बाद इस मामले का खुलासा हो पाएगा।

### निषाद समाज की बैठक आज

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की तिमाही बैठक 16 जून को सुबह 10.30 बजे राम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखी गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर सामाजिक चर्चा की जायेगी। यह जानकारी देवपुर पाली उपाध्यक्ष टेकराम निषाद, महासचिव नीलकुमार निषाद एवं मीडिया प्रभारी पवन निषाद राजपुर ने दी है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### जर्जर बिजली पोल को बदलने की मांग

**जी-जामगांव।** दुर्गा मंच भाटापारा जी-जीमगांव में एक बिजली पोल पूर्णतः जर्जर हो गया है । अन्दर लगे हुए तार उपर से दिख रहे हैं। आंधी तूफान से बिजली का पोल कभी भी राहगीरों पर गिर सकता है। जनहानि की संभावना बनी हुई है। ग्रामीण रोहित साहू ने बताया कि उक्त पोल को बदलने के लिए एक माह पूर्व बिजली विभाग को आवेदन दिया गया है लेकिन बिजली विभाग द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अन्य ग्रामीण संतराम साहू एवं हरिराम ने भी इसकी सूचना बिजली विभाग को दी है लेकिन पोल बदलने की बात पर टालमटोल किया जा रहा है। ग्रामीण ने जर्जर बिजली पोल को तुरंत बदलने की मांग की है ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो जाए।

### सीएचओ संघ ने बीएमओ के नाम सौंपा ज्ञापन

**नगरी।** नगरी ब्लॉक के सीएचओ संघ ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर बीएमओ के नाम से ज्ञापन सौंपा। संघ की तीन सूत्रीय मांगों में स्थानांतरण, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि, कांकेर में निलंबित सीएचओ को तत्काल बहाली है। महिला सीएचओ का कहना है कि ट्राइबल एरिया में पोस्टेड होने कारण महिलाओं को जंगली इलाकों में अकेले आना जाना पड़ता है जिस कारण कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। महिला सीएचओ की नगरी मुख्यालय से 8 किलोमीटर के दायरे पर पोस्टिंग की जाए जिससे वे अपनी सर्विस प्रोवाइड कर सकें। स्थानांतरण नहीं होने से महिला सीएचओ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### निधन

#### द्वारिका पटेल



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी द्वारिका पटेल उम्र 54 वर्ष का निधन 13 जून गुरूवार को हो गया है। वे अपने पीछे भरा-परिवार छोड़ गए। वे मितानिन अग्निबाई पटेल के पति तथा रोहित पटेल के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना।
पथरी रोग व बवासीर रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंग्रेजी मेडिकल ई-स्टोर के पास, रत्नाबांधा रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

प्रभातफेरी निकाली, प्रतिभावानों को किया सम्मानित

## माहेश्वरी समाज ने धूमधाम से मनाया महेश नवमी महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

माहेश्वरी समाज ने शनिवार को महेश नवमी उत्सव मनाया। कार्यक्रम अग्रसेन भवन में आयोजित था। महोत्सव अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह शहर में प्रभातफेरी निकाली। 9 बजे अभिषेक पूजा, 11 बजे महिला मंडल द्वारा डांस, फैंसी प्रतियोगिता, ड्राइंग कंपिटिशन, 12 बजे सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम के अतिथि अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला मंडल महामंत्री ज्योति राठी रायपुर, देवरतन तापड़िया बेमेतरा अध्यक्ष, ताराचंद माहेश्वरी बेमेतरा, सौरभ सोमानी राजनांदगांव, लीलाधर गांधी, मदन झंवर, नारायण बंग, धमतरी अध्यक्ष राजेन्द्र माहेश्वरी, गोविंद गांधी, राधेश्याम राठी थे। कार्यक्रम संयोजक अमित राठी, श्रीकांत जाजू, राहुल लखोटिया, रूपेश झंवर थे। कार्यक्रम के दौरान 32 लोगों ने नेत्रदान तथा 80 वर्षीय बसंती भट्टड़ ने देहदान की घोषणा की। इस अवसर पर समाज और चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. मनमोहन वैष्णव, समाजसेवी राजेश शर्मा, उद्यमी राकेश झंवर, व्यवसायी अमित राठी, कला के लिए शोभा बंग तथा राष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन करने के लिए श्रद्धा राठी का अतिथियों ने सम्मान किया।

इस दौरान दीपक लखोटिया, बिठ्ठल दास चांडक, प्रेमराज राठी, लक्ष्मीचंद बाहेती, जेठमल झंवर, सत्यनारायण राठी, देवेन्द्र राठी, लक्ष्मीनारायण राठी, अनराज झंवर, नारायण बंग, लीलाधर गांधी, मदन झंवर, नंदकिशोर राठी, लीलाधर चांडक, जीवनलाल जाजू, रमेश भूतड़ा, रामाकिशन, रमेश चांडक, मांगीलाल राठी, रमेश टावरी, शंकर राठी, नेमीचंद राठी, अशोक भट्टड़ सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

## बिरझुली के कमार किसान सिंचाई सुविधा मांगने कलेक्टोरेट पहुंचे

■ कलेक्टर नम्रता गांधी से मिलकर बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बिरझुली के कमार किसान सिंचाई सुविधा की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसान संघर्ष संघ दक्षिण मगरलोड वनांचल सिंगपुर क्षेत्र अध्यक्ष रामायण सिन्हा ने बताया कि ग्राम बिरझुली के वनाधिकार पत्र प्राप्त राष्ट्रपति दत्तक पुत्र कमार किसान अपने खेत खलिहानों पर कई वर्षों से खेती कार्य कर रहे हैं। इससे उनके जीवन स्तर में धीरे-धीरे सुधार आ रहा है। कलेक्टर नम्रता गांधी से मिलकर निवेदन किया है कि बिरझुली नाला में इन किसानों के खेत के पास स्टाप डेम बना हुआ है, जिनका जीर्णोद्धार कार्य होना जरूरी है। नाला संकरा होने से यहां पानी कम रुकता है। नाला का विस्तार कार्य होने से पानी पर्याप्त मात्रा में रुकेगा, इससे खेतों में पानी के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही गर्मी के दिनों में भी फसल ले सकते हैं। नाला के पार को ऊंचा कर पिंचिंग कार्य करवाने से आसपास के खेतों को होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। किसानों ने नाला विस्तार, स्टाप डेम जीर्णोद्धार, पिंचिंग कार्य के लिए आवेदन किया।

इस अवसर पर रमेश पहरिया, संत पहरिया, गयासिंग पहरिया, किसन पहरिया, कोमल पहरिया, उत्तम पहरिया, पूरन पहरिया, सोनाराम पहरिया, बंशी पहरिया, यशवंत पहरिया उपस्थित थे।

## तुलसीदास-रत्नावली की कथा ने किया भावविभोर



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम छिपली में मानसगान का आयोजन किया गया। तकुड़ेरा दादर चुरा के कामता प्रसाद ने कहा कि भक्ति करना चाहते हो तो तुलसीदास एवं रत्नावली की तरह प्रेम हो। रत्नावली के प्रेम में तुलसीदास ने लाश को नाव समझकर नदी पार कर लिया।

इस आयोजन में लक्ष्मी नाथ, अरविंद कुमार सोम, अरुण सोम, जनपद नगरी सभापति मन्नू यादव, सरपच संत नेताम, हृदय साहू, गणेश नगारची, गोविंद सोम, नकुल सोम, लोकनाथ देव, भानु साहू मंच संचालक अमाली, आशीष नाग सहित ग्रामीणजनों का योगदान रहा।

## खुटगांव गरियाबंद ने जीती ट्राफी

■ टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में 80 टीमों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



जिले के अंतिम छोर वनांचल से घिरे ग्राम ठेन्ही में 14 दिवसीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 80 टीम ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नरेश मांझी अध्यक्ष किसान संघर्ष समिति जोन बेलरबाहरा थे। अध्यक्षता सिरधन सोम सरपंच ठेन्ही ने की। विशेष अतिथि डीके यादव प्रदेश अध्यक्ष मनरेगा मेट संघ छत्तीसगढ़, जितेन्द्र बोरझरिया, छत्तरसिंह यादव, घना राम गौर, मनोज ध्रुव, गणेश कश्यप, वरिष्ठ नागरिक महेश नाग, सहदेव कश्यप थे। अतिथि नरेश मांझी, डीके यादव ने अपने उदबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रतिभा निखरकर सामने आती है। प्रथम स्थान खुटगांव गरियाबंद व द्वितीय स्थान जेएमआर क्रिकेट क्लब ठेन्ही धमतरी, तृतीय स्थान अंदोरा गरियाबंद को प्राप्त हुआ। आयोजक टीम के अध्यक्ष गज्जू नाग ने बताया कि इस रात्रिकालीन टेनिसबाल प्रतियोगिता में 80 टीमों ने भाग लिया। इस आयोजन में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक समेत युवा साथियों का पूरा सहयोग मिला। कार्यक्रम का संचालन शीतल भंडारी हरिचंद ओटीएवं आभार व्यक्त सिरधन सोम सरपंच ठेन्ही ने किया।

## सिवनीखुर्द में कबीर साहेब की जयंती मनी



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सिवनीखुर्द में ग्रामवासियों एवं कबीर सेवा समिति के सदस्यों के सहयोग से कबीर साहेब की 626 वीं जयंती मनाई गई। विभिन्न आश्रमों से आए संत गुरु हीरा साहेब, पावन साहेब, दयाल साहेब, रामसेवक साहेब एवं निरसन साहेब द्वारा कबीर के पारख सिध्दांत के बारे में बताया गया। संतों ने कबीर के सिद्धांत में चलकर अपना आहार, विचार एवं व्यवहार को सुधारकर जीवन को सफल बनाने के लिए लोगों मे नई चेतना जागृत की। इस कार्यक्रम में श्यामलाल साहेब, ररूहा साहेब, गोपाल साहेब, हुमन साहू, बाला साहू, भानु साहू, बंशी पटेल, खूबलाल साहू एवं मुक्ति साहू का विशेष सहयोग रहा।

## सर्वाधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सोरी को मिला सम्मान

■ जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति-पत्र भेंटकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दिशा-निर्देश में एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. जेएस खालसा, डॉ. राजेश सूर्यवंशी नेत्र रोग विशेषज, डॉ. आशीष खालसा नेत्र रोग एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी मगरलोड डॉ. शारदा ठाकुर बीपीएम मनोज कुमार पटेल बीईई एलआर नागेश के मार्गदर्शन में विकासखंड मगरलोड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंगपुर में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी आरएन सोरी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र सेक्टर सिंगपुर में वर्ष 2023-24 में लक्ष्य के विरुद्ध विकासखंड मगरलोड में सर्वाधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया गया। फलस्वरूप जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि मगरलोड विकासखंड के वनांचल क्षेत्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंगपुर में जबसे नेत्र चिकित्सक के तौर पर उनकी पदस्थापना हुई है तब से जरूरतमंद मरीजों को नेत्र चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार ब्लाइंडनेस, मोतियाबिंद, कार्नियल ओपेसिटी, परमानेंट ब्लाइंडनेस, लो विज़न, ग्लूकोमा, रेटिना एवं ऑप्टिक नर्व, रिफ्रेक्टिव ईरर, प्रेसबायोपिक, राइनो, ट्राइकोम, टेरिजिम जैसी आंखों से सम्बंधित बीमारी का चिन्हांकित कर निःशुल्क इलाज किया गया। वर्ष 2023-24 में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कराया गया इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण कर विद्यार्थियों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। इस कार्य में संस्था प्रभारी टीआर साहू, अस्पताल स्टाफ, सेक्टर सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सरपंच, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं कोटवारों का भी योगदान रहा। इसके लिए डॉ. सोरी ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

### पूर्व सैनिकों की बैठक आज

**जीजामगांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला इकाई रायपुर की मासिक बैठक 16 जून को प्रातः 10 बजे सभा कक्ष फर्स्ट फ्लोर, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर, मोतीबाग रोड रायपुर में आयोजित की गई है। बैठक में कारगिल विजय दिवस मनाने हेतु रूपरेखा तैयार की जाएगी साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा होगी। मातृशक्ति प्रकोष्ठ द्वारा महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई जाएगी। जिला अध्यक्ष हवलदार खेमचंद निषाद ने पूर्व सैनिकों से उपस्थित होने की अपील की है।

## मुड़पार स्कूल की शिक्षिका हुई सम्मानित



**धमतरी।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार लाने वाली प्राथमिक शाला मुड़पार की शिक्षिका माहेश्वरी सिन्हा को कलेक्टर नम्रता गांधी ने सम्मानित किया। उनके द्वारा शिक्षा में नवाचार लाने शैक्षिक कार्यों, शिक्षकों की नई गतिविधियों को साझा करने और शिक्षकों को शैक्षिक सहायता प्राप्त करने के लिए जिले में विनोबा एप से कार्य किया जा रहा है। अप्रैल माह में बेहतर काम करने वाले शिक्षकों को गत दिनों कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा कलेक्ट्रेट के सभागार में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव, डीईओ डीआर जगदल्ले समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

Pride of Dhamtari

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
◆ हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
◆ राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, रायपुर से
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 14 जून 2024 शुक्रवार
डॉ जोगेश — MD,DM Interventional Cardiologist, 15 जून 2024 शनिवार

CBK EV MOTORS PVT LTD
नगरी रोड, दानीटोला वार्ड, धमतरी म.न. 96850-87353, 96917-92510
खरीदें CBK EV MOTORS से Electric Scooter
25 से 100% और पाएं सभी स्कूटर पर आकर्षक उपहार
एवं कैश बैक पाने का सुनहरा मौका
भूपेंद्र कुमार दादर

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

विधायक दल के साथ किया बालौदाबाजार घटनास्थल का दौरा

## बालौदाबाजार कलेक्टर परिसर में तोड़फोड़ असामाजिक तत्वों ने की : ओंकार साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



विधायक ओंकार साहू ने विधायक दल के साथ बालौदाबाजार पहुंचकर घटना स्थल की जांच की तथा सतनामी समाज के लोगों से बातचीत की। विधायक ने कहा कि अमर गुफा के जैतखाम के साथ तोड़-फोड़ की गई थी।

सतनामी समाज के लोगों ने इसकी सीबीआई जांच की मांग की थी लेकिन सरकार ने सतनामी समाज की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया। धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ से सतनामी समाज नाराज हो गया। सतनामी समाज ने शांतिपूर्ण आंदोलन करने का फैसला लिया था मगर बीजेपी सरकार सतनामी समाज को न्याय नहीं दिला पाई। अधिकारी, कर्मचारियों के साथ सतनामी समाज के प्रतिनिधि शांतिपूर्ण ढंग बात कर रहे थे।

इसी बीच कुछ असामाजिक तत्वों ने आंदोलन में प्रवेश किया जो सतनामी समाज से नहीं थे और आंदोलन को उग्र बना दिया। श्री साहू ने आगे कहा कि बालौदाबाजार कलेक्टर परिसर में तोड़फोड़ सतनामी समाज के कार्यकर्ताओं ने नहीं बल्कि कुछ असामाजिक तत्वों ने की है।

इस घटनाक्रम में कई लोग चोटिल हुए। यह बीजेपी सरकार की गलत शासन व्यवस्था का नतीजा है।

## खबर संक्षेप



### पीएम आवास के लिए डिप्टी सीएम से की भेंट

**चारामा।** नगर पंचायत चारामा में गरीबों के आशियाना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उप मुख्यमंत्री अरुण साव से 14 जून को रायपुर पहुंच कर नगर अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से मुलाकात कर नगर पंचायत चारामा में गरीब परिवार एवं कच्चे मकान में निवासरत हितग्राहियों को भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजना हर कच्चे मकान में निवासरत परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिले, जिन्हे पूर्व के कांग्रेस सरकार के कारण स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। नगर के सभी आवास के हितग्राहियों को लाभ एवं स्वीकृति दिलाने मांग की गई। इसके अलावा मंत्री से शहर की मूलभूत सुविधाओं तथा शहर की विकास कार्यों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर ओम प्रकाश साहू मंडल अध्यक्ष चारामा, नंद कुमार ओझा पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत चारामा, भरत मटियारा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, हेम मंडावी सरपंच कोटेला उपस्थित रहे।

### यातायात थाना में ली गई बस ट्रैवल एजेंटों की बैठक



**कांकेर।** आरआई यातायात प्रभारी दीपक साव द्वारा 15 जून को बस ट्रैवल एजेंट की बैठक यातायात थाना में लिया गया व उन्हे समझाईस दिया गया। यातायात प्रभारी ने बस एजेंटो को बताया कि शहर के बीच से बस लाने, हाइवे की ओर से ना जाने, शहर में बस को नियंत्रित गति से चलाने को कहा गया। सभी ड्राइवरो का चरित्र सत्यापन करवाने कहा गया। शराब के नशे मे कोई भी चालक ना रहे व शराब पीकर वाहन न चलाने कि समझाइस दी गई। यात्रियों के सामान गुम जाने या खो जाने से थाने मे आकर सुपुर्द करने को कहा गया। सभी ट्रेवल्स द्वारा कल से ट्रेफिक नियमों का पालन करने का अश्वासन दिया गया। गलती पाए जाने पर प्रतिबंधधात्मक और चलानी कारवाही किया जाएगा।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम दाबकट्टा निवासी 28 वर्षीय भानिक लाल गोटा पिता भागवत गोटा का 26 फरवरी को रायपुर के अस्पताल में दोपहर पौने 4 बजे ईलाज के लिए ले जाया गया, जहां ईलाज शुरू होने से पहले उसकी मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश पुलिस को बताया कि मृतक को अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया था। रायपुर पुलिस ने शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना में पेश करने असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम कोण्डे निवासी 30 वर्षीय राजेन्द्र तारम पिता विसाराम तारम का 14 जून को दोपहर करीबन साढ़े 12 बजे सीएचसी अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया है।

### सर्पदंश से अधेड़ महिला की मौत

**कांकेर।** दमकसा चौकी अंतर्गत ग्राम भुरसा तरहुल निवासी 56 वर्षीय ललिता सिवाना पति रितु सिवाना का सर्प कांटने से मौत हो गया। मृतिका के पति ने पुलिस को बताया कि 14 जून को शाम साढ़े 5 बजे मेरी पत्नी कुसुमपारा के खेत में काम कर रही थी, तभी अचानक जहरीले सांप के काटने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया।

---

अध्यक्ष को पगड़ी पहनाकर पदभार सौंपा गया, पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष को दी गई विदाई

# तहसील साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



तहसील साहू समाज नगरी सिहावा के नए पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। साहू सदन नगरी में बैठक आयोजित कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए उन्हें कार्यभार सौंपा गया। इससे पूर्व भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर आरती की गई। वहीं पूर्व में समाज को निःस्वार्थ भाव से सेवा दिए पदाधिकारियों को ससम्मान विदाई दी गई।

इस अवसर पर तहसील संरक्षक पुनीतराम साहू ने कहा कि मुझे तीन वर्षीय कार्यकाल में समाज का सेवा करने का अवसर मिला। समाज के लोगों के सहयोग से सदन परिसर में कर्मा माता का भव्य मंदिर का निर्माण व शासन की शासकीय स्वीकृति से शेड निर्माण कराया गया। कठिन प्रकरणों का सभी के सहयोग से निराकरण किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष कंवल राम साहू ने हरिभूमि से चर्चा करते कहा कि समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया जायेगा। युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए रचनात्मक कार्य करना हमारा मुख्य उद्देश्य रहेगा।

संरक्षक पुनीत राम साहू डीहीपारा सेमरा, अध्यक्ष कंवल राम साहू नवागांव, महिला उपाध्यक्ष भुनेशवरी साहू घटुला, पुरुष उपाध्यक्ष योगेंद्र साहू सांकरा, सचिव पदुमलाल साहू, संयुक्त सचिव लव कुमार, संयुक्त सचिव पेमन साहू, कोषाध्यक्ष गौतम नगरी, अंकेक्षक अनराज साहू, अंकेक्षक हृदय साहू छिपली, विज्ञान अंकेक्षक लेखराज गोरेगांव, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार साहू सिरसिदा, विधिक सलाहकार रुद्र प्रकाश साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनू साहू, उपाध्यक्ष रोशन साहू, सचिव योगेश, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष हेमलता साहू, उपाध्यक्ष कांति साहू सारंगपुरी, सचिव अलका साहू, शहर के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोमश प्रसाद साहू फरसियां, उपाध्यक्ष कौशल प्रसाद साहू, सचिव यशपाल सिंह साहू नवागांव, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष जन्मेजय साहू सांकरा, उपाध्यक्ष हरीशचंद साहू, सचिव भूषण कुमार साहू सिरसिदा, संचालक मण्डल अध्यक्ष अनिरुद्ध साहू, सचिव भारत लाल साहू बनाए गए। इसके बलावा नगरी परिक्षेत्र अध्यक्ष दिनेश साहू, सचिव शेषनारयण साहू, कोषाध्यक्ष देऊराम साहू, महासभा सदस्य नोहर सिंग, सिरसिदा परिक्षेत्र से अध्यक्ष बलदेव राम साहू, सचिव देवेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, महासभा सदस्य उत्तम साहू, परसापानी परिक्षेत्र अध्यक्ष जयकृष्णा साहू, सचिव लेखराम साहू, कोषाध्यक्ष हिरेद कुमार, महा सभा सदस्य मानक लाल, घटुला परिक्षेत्र अंगेश हिरवानी, सचिव कैलाश साहू, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल, महासभा सदस्य लोकनाथ साहू, सांकरा परिक्षेत्र अध्यक्ष जीवन लाल साहू, सचिव ओम प्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष प्रफुल कुमार साहू, महासभा सदस्य राधेश्याम साहू, बिरगुड़ी परिक्षेत्र अध्यक्ष भूपत्त कुमार, सचिव यादेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष कृष्णा कुमार, महासभा सदस्य हंडूलाल साहूं फरसियां परिक्षेत्र टिकेश कुमार साहू, सचिव धर्मेंद्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अजय कुमार साहू, महासभा सदस्य उमेश कुमार साहू, परिक्षेत्र बेलरगांव अध्यक्ष मनीराम साहू, सचिव खेमन साहू, कोषाध्यक्ष नकुल राम साहू, महासभा सदस्य राखी राम साहू, परिक्षेत्र मावली अध्यक्ष काजू राम साहू, सचिव लोकनाथ साहू, कोषाध्यक्ष चुम्मलाल साहू, ग्राम सभा सदस्य अरुण साहू ने पदभार संभाला और शपथ ली।

---

## यातायात पुलिस ने ली ट्रेक्टर मालिक व चालकों की बैठक



■ शार्ट फिल्म के माध्यम से दी यातायात नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने यातायात पुलिस ने ट्रेक्टर संघ के अध्यक्ष, सदस्य व ट्रेक्टर मालिक एवं चालकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ट्रेक्टरों से हो रही सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने शनिवार को ट्रेक्टर संघ के अध्यक्ष, सदस्य, ट्रेक्टर मालिक व चालकों की बैठक ली। इस दौरान बिना परमिट वाहन न चलाएं, कृषि परमिट में माल का परिवहन न करें, शहर के अंदर व आबादी क्षेत्र में 20 किमी प्रतिघंटे की गति से वाहन चलाएं, प्रशिक्षित व अनुभवी चालक रखे, चालक के पास ड्राइविंग लायसेंस होना आवश्यक है, ट्रेक्टर का बीमा अवश्य कराएं, रेत गिट्टी परिवहन के दौरान पिटपास अवश्य रखें, क्षमता से अधिक माल लोड न करें। चालक सीट के बगल में बैठने के स्थान को लोहे के एंगल से सुरक्षित करने व ट्रेक्टर के टूल बाक्स के ऊपर किसी को नहीं बैठने देने के लिए कहा गया। किसी भी परिस्थिति में ट्रेक्टर में सवारी परिवहन नहीं करने, ट्रेक्टर में केजव्हील लगाकर नहीं चलाने, शराब सेवन, ओव्हरस्पीड व मोबाइल से बात करते हुए ट्रेक्टर नहीं चलाने की हिदायत दी गई। रेत, गिट्टी, डस्ट आदि परिवहन करते समय ट्राली को तिरपाल से ढंककर रस्सी से बांधने व वाहन का समस्त दस्तावेज ट्रेक्टर के साथ लेकर चलने के लिए कहा गया।

मास्टर ट्रेनर एएसआई सुरेश नेताम ने यातायात नियमों की अनदेखी करने से होने वाली सड़क दुर्घटना पर शार्टफिल्म दिखाकर ट्रेफिक नियमों का पालन करने को कहा। वहीं सड़क दुर्घटना होने पर घायलों की मदद कर तत्काल अस्पताल पहुंचाने की समझाइश दी गई। बैठक में ट्रेक्टर संघ के अध्यक्ष, ट्रेक्टर मालिक व चालकों द्वारा कैंप लगाकर ड्राइविंग लायसेंस बनवाने का अनुरोध किया गया।

---

## दिव्यांग प्रेरणा मंच ने सांसद को मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



महासमुंद क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी के धमतरी आगमन पर सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू के सहयोग से दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी विश्नोई, रोहित साहू, बसंत विशनोई एवं घनश्याम सिंह साहू ने दिव्यांगजनों के हित में उन्हें मांग पत्र सौंपा।

पेंशन प्रकरण में 80 प्रतिशत एवं गरीबी रेखा की अनिवार्यता को शिथिल करने, ऋण प्रक्रिया में सरकारी कर्मचारी के गारंटर को हटाने, दिव्यांगजन अधिनियम 2016 शत-प्रतिशत लागू करने, दिव्यांग दम्पति के पत्र-पुत्री को उच्च शिक्षा हेतु आरक्षण प्रदान करने एवं जरुरतमंद दिव्यांगों को रोजगार चलाने के लिए ई-रिक्शा देने की मांग की है।

### बच्चों ने सीखा संगीत कला और गायन

**धमतरी।** भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम के नेतृत्व और दानीटोला वार्ड धमतरी निवासी कुंजीलाल कुटारे की स्व. माता सोना बाई कुटारे की स्मृति में संगीतकला और गायन का आयोजन दानीटोला वार्ड अंबेडकर मंगल भवन धमतरी में रखा गया। यह प्रशिक्षण एक महीने तक सभी वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क रखा गया। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के प्रशिक्षित शिक्षक अजय वर्मा और तन्मय वर्मा ने बच्चों को संगीत और गायन के बारे में बताया।

## मुझे, हम, आप और कानूनी चर्चा में अधिवक्ता पीयूष हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता अछोटा निवासी पीयूष देवांगन माननीय



हाईकोर्ट के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायालय सिविल कोर्ट धमतरी द्वारा मुझे, हम, आप और कानून के विभिन्न कानूनों पर चर्चा व जानकारी देने के लिए दूरदर्शन रायपुर में उपस्थित हुए। इसका




प्रसारण शनिवार को 5.30 से 6 बजे के बीच हुआ। कार्यक्रम आधे घंटे का रहा।

कानूनी चर्चा के लिए चयन किए जाने पर अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

---

## भजन, सत्संग से बताई विश्वास की महिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

स्वामी टेऊंराम महाराज के चालीसा महोत्सव के 14 वें दिन भजन, सत्संग का आयोजन स्व. धर्मदास चंदवानी के पुत्र हरीश कुमार एवं राकेश कुमार द्वारा किया गया। सभी ने मिलकर स्वामी टेऊंराम चालीसा का पाठ किया। मौके पर संत लोकेश एवं रायपुर से आए बृजलाल ने अपने भजन में विश्वास की महिमा का बड़ा ही सुन्दर वर्णन किया। अनेक दृष्टांत देकर बताया कि कैसे धना भक्त ने पत्थर में भी विश्वास रखकर कृष्ण का दीदार किया। विश्वास भरे नजर से ही प्रभु को अपने समीपस्थ महसूस किया जा सकता है। भक्त मक्खन शाह नाम ने भी विश्वास रखकर गुरु को पुकारा था। उसकी पुकार सुन गुरु ने दोनों हाथों से उसे पार लगाया। आज तक जिसने भी पूर्ण विश्वास से नाम रूपी चासनी को चखा है विश्वासपूर्वक नाम का जाप किया है। उस पर प्रभु प्रसन्न होकर उसकी सारी इच्छाओं को पूरा करते हैं एवं मनुष्य जीवन के परम उद्देश की प्राप्ति करते हैं।

---

गुडवे कंपनी के खिलाफ कोतवाली में हुई शिकायत

## ऑनलाइन मार्केटिंग जॉब के नाम पर युवक युवतियों से धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



प्रदेश के युवक-युवतियों को ऑनलाइन मार्केटिंग जॉब का सुन्हरा सपना दिखाकर धोखाधड़ी करने व शोषण करने का आरोप लगा गुडवे कंपनी के खिलाफ पीड़ित युवतियों ने सिटी कोतवाली में शिकायत की है।

शहर में बिलासपुर की गुडवे प्रो. इंडियन फाउंडेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा ऑनलाइन मार्केटिंग जॉब दिलाने के नाम पर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र के युवक-युवतियों को किराये मकान में रखा गया है। कंपनी के संचालक ऑनलाइन कपड़ा पैकेजिंग करने की जॉब के लिए वीडियो लोगों को भेजते थे जिसमें लगभग डेढ़ माह ट्रेनिंग के बाद 18 से 19 हजार प्रतिमाह सैलरी, रहना व खाना मुफ्त मिलने की बात कही जाती थी। आकर्षक मौका समझकर युवक युवतियां कंपनी के झांसे में आ जाते थे। कंपनी द्वारा युवक- युवतियों से 24 हजार से 45 हजार रुपए लेकर ज्वाइनिंग कराई जाती है।

कंपनी से जुड़े दो युवतियों ने शुक्रवार को सिटी कोतवाली पहुंचकर लिखित में शिकायत करते हुए बताया कि ट्रेनिंग के शुरुआती दिनों में अच्छा खाना दिया जाता था लेकिन ज्वाइनिंग का पैसा कलेक्ट होने के बाद दिनभर में निम्न स्तर का एक समय भोजन दिया जाता है। घर जाने की बात करने पर बंद कमरे में बंधक बनाकर रखा जाता है। कंपनी में प्रदेशभर के 200 से अधिक युवक-युवतियां जुड़े हुए हैं। राशि वापस मांगने की बात पर बीते दिनों कंपनी के साहिल कश्यप, वेदप्रकाश शास्त्री, लोकनाथ ठाकुर, नचिकेत व मीना रात्रे ने दूसरे राज्य के युवक-युवतियों से हाथापाई करने पर उतारू हो गए। कंपनी के प्रलोभन में लगभग 30 प्रतिशत युवक व 70 प्रतिशत युवतियां फंसी हुई हैं।

इस संबंध में डीएसपी नेहा पवार ने मीडिया को बताया कि आमातालाब रोड में नेटवर्क मार्केटिंग संस्था संचालित थी। 14 जून को दो युवतियों ने संस्था पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। एसपी के निर्देश पर संस्था को बंद कराकर मार्केटिंग संचालित करने वाले कर्मचारियों को शहर छोड़ने की चेतावनी दी गई है।

---

## मां विंध्यवासिनी युवा रक्तवीर टीम का भिलाई में सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मां विंध्यवासिनी युवा रक्तवीर टीम के सदस्य जरूरतमन्द मरीजों को निःशुल्क ब्लड देते हैं। उनके इस सेवाभावी कार्य के लिए टीम के अमित सोना का विश्व रक्तदाता दिवस पर भिलाई में भगवान राम की फोटो देकर सम्मान किया गया। इस अवसर वर अमित सोना ने कहा कि युवाओं को बिना डर, बिना झिझक और बिना संकोच के रक्तदान करना चाहिए। इससे देश में हो रहे ब्लड की कमी को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सन्ना ब्लड बैंक के सूरज साहू ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा में हमेशा आगे आने वाले युवाओं का संस्था सम्मान करती है।

---

सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर रायपुर में लगा शिविर

## विश्व रक्तदान दिवस पर पूर्व सैनिकों ने किया रक्तदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

विश्व रक्तदान दिवस पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं राज्य एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर द्वारा सभाकक्ष जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर रायपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर वीके चौहान, युद्ध सेवा मेडल कमांडर एनसीसी ग्रुप रायपुर, विशिष्ट अतिथि कर्नल आरएन मुतालिक, कर्नल वेटरन, विशेष अतिथि ग्रुप कमांडर विवेक साहू कमांडिंग ऑफिसर एयर विंग एनसीसी रायपुर, कैप्टन नेवी अनिल शर्मा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रायपुर, सूबेदार वेदप्रकाश साहू कल्याण संयोजक छत्तीसगढ़, ऑन. लेफ्टिनेंट शैलेश शुक्ला कल्याण संयोजक रायपुर, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी नायक योगेश साहू प्रांतीय सचिव, नायक रवि साहू प्रांतीय संयोजक, सूबेदार चेतन लाल साहू संगठन सचिव, पेटी ऑफिसर रूपेंद्र कुमार साहू सह मीडिया प्रभारी, नायक पन्नालाल सिन्हा सह सांस्कृतिक सचिव, नायक अश्वनी साहू सहसचिव थे। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के समस्त पूर्व सैनिक एवं एनसीसी एयरविंग एवं आर्मीविंग के लगभग 100 कैडेट तथा इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के डॉक्टर एवं स्टाफ ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन ऑन. लेफ्टिनेंट शैलेश शुक्ला ने किया। एनसीसी कैडेट के साथ-साथ अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी नायक रवि साहू, सूबेदार चेतन लाल साहू, नायक पन्नालाल सिन्हा एवं अन्य पूर्व सैनिकों ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि अगले साल रक्तदाताओं की संख्या में वृद्धि करते हुए और भी केडेट्स एवं पूर्व सैनिक को उपस्थित होने रूपरेखा तैयार करेंगे।

---

## नजूल शिविर में 61 हजार 738 रूपये की हुई वसूली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार धमतरी नगर क्षेत्र के अंतर्गत नजूल प्रकरण (फ्री होल्ड, नवीनीकरण, शिकायत आवेदन के सबंध में) नजूल भू-भाटक, पर्यावरण उपकर, अधोसंरचना उपकर, पिछला बकाया व अर्थदण्ड की राशि की वसूली नजूल से संबंधित आरआरसी की वसूली अन्य विविध वसूली के लिए प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। नजूल अधिकारी ने बताया कि इण्डोर स्टेडियम धमतरी में आयोजित शिविर में कुल 3 लाख 66 हजार 447 रूपये की वसूली की जानी थी, जिसमें से 61 हजार 738 रूपये की वसूली की गई। शिविर में पोस्ट ऑफिस वार्ड, मराठापारा, अम्बेडकर, नयापारा, रामसागरपारा, डाकबंगला, सोरिदभाट, जोधापुर, विवेकानन्द नगर, रिसाईपारा पश्चिम वार्ड, टिकरापारा और रिसाईपारा पूर्व वार्ड के लोग सम्मिलित हुए। गौरतलब है कि एकलव्य खेल परिसर धमतरी में 21 जून को शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें कोष्टापारा, साल्हेवार पारा, महंत घासीदास, जालमपुर, ब्राम्हणपारा, रामपुर, विंध्यवासिनी वार्ड, महिमासागर वार्ड, दानीटोला, गोकुलपुर, महात्मागांधी वार्ड, सदर दक्षिण वार्ड और बांसपारा वार्डवासी शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### कुर्बानी का त्योहार ईदे अजहा 17 को

■ जामा मस्जिद में पहली जमाअत 6 बजे होगी, ईदगाह में 10 बजे नमाज अदा की जाएगी

**धमतरी।** कुर्बानी का त्योहार ईदे अजहा (बकरा ईद) 17 जून सोमवार को मनाया जाएगा। ईद की नमाज को लेकर अंजुमन इस्लामिया कमेटी धमतरी द्वारा सभी मस्जिदों के इमाम व कमेटी पदाधिकारियों की बैठक ली गई जिसके अनुसार 17 जून को जामा मस्जिद में पहली जमाअत सुबह 6 बजे होगी। नायब इमाम हाफिज मोहम्मद तौहीद आलम नमाज अदा कराएंगे। दूसरी व बड़ी जमाअत ईदगाह में सुबह 10 बजे होगी। ईदगाह में नमाज जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद रहमानी रजा मिस्बाही अदा कराएंगे। बारिश होने की सूरत में सभी मस्जिदों में बकरा ईद की नमाज पढ़ी जाएगी। इसके मुताबिक जामा मस्जिद में दूसरी जमाअत सुबह 10 बजे होगी। मस्जिद हनफिया चमेली चौक में सुबह 6.30 बजे नमाज अदा की जाएगी। रिसाईपारा स्थित मस्जिद गरीब नवाज में दो जमाअत होगी। पहली जमाअत 7.45 बजे और दूसरी जमाअत 9.45 बजे रखी गई है। नवागांव वार्ड की मदीना मस्जिद में सुबह 9 बजे नमाज अदा की जाएगी। अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बकरा ईद के दिन बारिश हो या न हो, जामा मस्जिद में पहली जमाअत सुबह 6 बजे ही होगी।

### कमार आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 26 को

**धमतरी।** जिले में संचालित विशेष कमजोर जनजाति कमार आवासीय विद्यालय नगरी में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए कक्षा दूसरी, तीसरी, छठवीं, सातवीं, आठवीं एवं नवमीं की रिक्त सीटों पर सीजी पाठ्यक्रम में लेटरल एंट्री के माध्यम से चयन परीक्षा में प्राप्तांक मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाना है। इसके लिए 26 जून को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक विशेष पिछड़ी जनजाति आवासीय विद्यालय नगरी में चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। चयन परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ कक्षाओं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट साइज की फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति 20 जून तक प्राचार्य, विशेष रूप से कमजोर जनजाति आवासीय विद्यालय नगरी में स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ के मूल निवासी, छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा घोषित विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के सदस्य और विद्यार्थी को सिकी अन्य विद्यालय से निष्कासित नहीं किया गया हो, पात्र होंगे। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## नवनिर्वाचित महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी का भाजपाइयों ने किया आत्मीय स्वागत

# कार्यकर्ताओं की बदौलत सभी 8 विस क्षेत्र में भाजपा को बढ़त मिली और चुनाव जीते : रूपकुमारी

- डबल इंजन की सरकार से क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा : रंजना
- लोकसभा चुनाव में धमतरी जिला ने एक अलग इतिहास बनाया : प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी शनिवार को धमतरी प्रवास पर रहीं। श्रीमती चौधरी का चुनाव जीतने के बाद यह पहला धमतरी दौरा था जिसमें उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं आम जनता का आभार माना। गंगरेल मंडल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में श्रीमती चौधरी ने कहा कि आम जनता से प्राप्त आशीर्वाद से वे बहुत खुश हैं। लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम की बदौलत पहली बार सभी 8 विधानसभा क्षेत्र धमतरी, कुरूद, राजिम, बसना, सरायपाली, खल्लारी, महासमुंद, बिंद्रानवागढ़ से भाजपा को बढ़त मिली और चुनाव जीते। ऐतिहासिक रिकार्ड सबसे अंतर 1.45 लाख वोटों से जीत मिली। इस जीत ने महासमुंद संसदीय क्षेत्र में इतिहास बना दिया। कार्यकर्ताओं के भरोसे प्रधानमंत्री का हाथ मजबूत हुआ। एक महिला प्रत्याशी का बड़े अंतर से जीतना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस जीत से भारत का गौरव बढ़ा है। नरेन्द्र मोदी का तीसरी बार पीएम बनना ऐतिहासिक है। उन्होंने भारत का गौरव बढ़ाया है। अब मैं अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन आप सबके सहयोग से करूंगी। धमतरी का विकास होगा। पीएम और भाजपा पार्टी ने आम जनता को अपना परिवार माना है। परिवार होने के नाते सबका विकास होगा।

पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि इस बार के चुनाव में कार्यकर्ताओं ने एक नई ऊर्जा के साथ काम लिया है। धूप छांव की परवाह किए बगैर भाजपा प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जीताकर इतिहास बना दिया। अब सांसद से कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। क्षेत्र का विकास तीव्र गति से होगा। डबल इंजन की सरकार से क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस और मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने नवनिर्वाचित सांसद का सम्मान करते हुए कहा कि यह सभी कार्यकर्ताओं की जीत है जिन्होंने दिन-रात एक करके भाजपा प्रत्याशी को जीताया है। छग में धमतरी जिला ने एक अलग इतिहास बनाया है। गंगरेल मंडल ने भारी बहुमत से सांसद बनाया है। 65 वर्ष के बाद नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ ली है। इसका श्रेय जनता को जाता है जिन्होंने पीएम का हाथ मजबूत किया है। डबल इंजन की सरकार के बाद पंचायत और नगर निगम में भी सरकार बनानी है।

मौके पर अविनाश दुबे, कविन्द्र जैन, शशि पवार, बीथिका विश्वास, चन्द्रकला पटेल, मोनिका देवांगन, ऋषभ देवांगन, प्रकाश गोलछा, चेतन हिन्दूजा, अर्चना चौबे, पार्वती वाधवानी, सुशीला तिवारी, ईश्वर सोनकर, विजय साहू, महावीर चोपड़ा, हेमराज सोनी, हेमलता शर्मा, दिग्विजय सिंह कृदत्त, खूबलाल ध्रुव, अवनेन्द्र साहू, सूरज तिवारी, दुष्यंत सिंह, चेतन साहू, ईश्वर साहू, नरेश यादव, चन्द्रहास जैन, टिकेश्वर देवांगन, अजय गार्डिया, हेमंत पाली, कीर्तन साहू, जागेन्द्र साहू, रूपाली ध्रुव, शैलेश मंडावी, अहमद अली खान, उमेन्द्र सिंह, अर्जुन सोनकर, भरनी, अनीता यादव, नंदिनी साहू, राहुल, मुकेश यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।





### उमेश ने कार्यकर्ताओं संग मनाया जन्मदिन



गंगरेल मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू ने शनिवार को आमंत्रण हेरिटेज में कार्यकर्ताओं के साथ जन्मदिन मनाया जिसमें नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी सहित सभी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं आम जनता शामिल हुए। इस अवसर पर उमेश ने भगवान की पूजा कर एवं दीपक जलाकर जन्मदिन मनाया। केक काटना, कैंडल जलाना, कैंडल बुझाना आदि अपवादों से दूर रहे। जन्मदिन के लिए उन्होंने 700 नग मगज लड्डू का वितरण किया एवं 700 से अधिक कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को भोजन कराया। इस मौके पर उमेश साहू ने कहा कि मेरा जन्मदिन और नवनिर्वाचित सांसद व कार्यकर्ताओं के सम्मान की बेला मेरे लिए सुखद अनुभव रहा।

### कहार भोई समाज ने किया स्वागत



महासमुंद सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी के प्रथम धमतरी आगमन पर कहार भोई समाज ने पुष्पगुच्छ के साथ उनका स्वागत किया। मौके पर समाज के अध्यक्ष नितिन बनवासी, सचिव चंद्रहास कहार, कोषाध्यक्ष आनंद गौतम, प्रकाश, देवेंद्र, प्रवीण, पिंकी कहार, रेखा मांछल, कविता कौशल, विजेता नगवंशी, प्रमिला धूमकेतु, अंजु गौतम उपस्थित थे।

### कार्यकर्ताओं को पौधा देकर किया सम्मान

इस अवसर पर गंगरेल मंडल भाजपा के कार्यकर्ताओं को सांसद एवं वरिष्ठ भाजपाइयों ने पौधा व गमछा देकर सम्मानित किया। मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने कहा कि यह पहली बार है कि गंगरेल मंडल के सभी बूथों पर भाजपा को भारी बढ़त मिली है। यह कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम का नतीजा है। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सम्मान पाकर गदगद हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि धमतरी के छूटे हुए कार्यों का तेज गति से विकास होना ही हमारा सम्मान है।

# शाला प्रवेशोत्सव की तिथि में संशोधन करने की मांग



■ टीचर्स एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिले में 18 जून को एक साथ आयोजित प्रवेश उत्सव एवं नोडल अधिकारी नियुक्ति आदेश में संशोधन की मांग को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. भूषणलाल चंद्राकार, प्रांतीय उपाध्यक्ष देवनाथ साहू ने बताया कि जिले स्तर पर एकसाथ शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 18 जून को प्रातः 10 बजे से करने एवं जिला स्तर से समस्त हाईस्कूल, हायर सेकंडरी विद्यालय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने का आदेश जारी किया है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि एक साथ जिले स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने में धरातल स्तर पर व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हाईस्कूल, हायर सेकंडरी विद्यालय में अभी तक शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन नहीं किया गया है, जिसके कारण समिति की बैठक भी आयोजित नहीं की जा सकी है। अभी तक निःशुल्क साइकिल एवं पाठ्यपुस्तकें भी अप्राप्त हैं। अवकाश अवधि के कारण से व्यवस्था बनाने में व्यावहारिक रूप में कठिनाई आ रही है। प्रतिनिधि मंडल ने 18 जून को आयोजित शाला प्रवेश कार्यक्रम को स्थगित करके नवीन तिथि में आयोजित करने अथवा विद्यालय स्तर पर अपनी व्यवस्था एवं तैयारी के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करने की मांग जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले से की है। डीईओ ने उक्त मांगों को जिलाधीश नम्रता गांधी से अवगत कराने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया। मौके पर जिला सचिव बलराम तारम, ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी गेवाराम नेताम, जिला महासचिव राहुल नेताम, ब्लॉक सचिव हरीश साहू, उपाध्यक्ष केपी साहू, योगेंद्र साहू उपस्थित थे।

# बच्चों को बताए आगजनी से निबटने के उपाय




हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नगर सेना ने बालगृह में रहने वाले बच्चों को आगजनी से निबटने के टिप्स दिए। आगजनी के अलग-अलग मामलों में उन्हें अलग-अलग तरीके से आग बुझाने के उपाय भी बताए गए।

अंचल में लगातार आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं। इन घटनाओं से निबटने के लिए जानकारी और अनुभव नहीं होने के कारण लोग ज्यादा मदद नहीं कर पाते हैं। स्थिति को देखते हुए फायर ब्रिगेड द्वारा समय-समय पर लोगों को आगजनी से निबटने के लिए तैयार किया जाता है। इसी के तहत शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से प्रतिज्ञा विकास संस्थान द्वारा संचालित बालगृह में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।



प्रशिक्षण के दौरान यहां रहने वाले बच्चों को आगजनी की घटनाओं से निबटने के लिए टिप्स दिए गए। फायरमैन हितेश पवार, भरत ठाकुर, देवेंद्र साहू, दिलीप निषाद ने घरेलू गैस, ईंधन, बिजली शॉर्ट सर्किट सहित अन्य मामलों में होने वाले आगजनी से निबटने के तरीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर बालगृह के अधीक्षक खुलेश साहू, श्रीमती दिव्या साहू, उमराव साहू, दीपक पुरी गोस्वामी, धनंजय साहू, जागेश्वर साहू, श्रीमती प्रतिभा साहू, श्रीमती थनवारिन बग्गा आदि उपस्थित थे।

# तपोवन में 16 जून से योग महोत्सव

■ जिले में ब्रम्हाकुमारीज के 17 सेवा केंद्रों पर होगा योग दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज ईश्वरिय विश्वविद्यालय धमतरी द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ 16 जून रविवार को रायपुर रोड स्थित तपोवन में किया जाएगा। मुख्य अतिथि आंजनेय वार्ष्णेय पुलिस अधीक्षक, कृष्ण जाधव वन मंडल अधिकारी, राजेंद्र शर्मा पूर्व सभापति नगर निगम, योग टीचर विकास कंसारी, राजयोगिनी सरिता दीदी होंगे। योग महोत्सव अंतर्गत पूरे जिले में करीब 17 स्थानों पर यह कार्यक्रम 16 से 21 जून तक होगा।

उल्लेखनीय है कि प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज संस्थान द्वारा विगत 38 वर्षों से माह के तीसरे रविवार को पूरे विश्व के 140 देशों में एक साथ और एक ही समय पर सामूहिक योग किया जाता रहा है। इस दिन शाम को 6.30 बजे सारे विश्व में राजयोग के अभ्यास द्वारा शान्ति का प्रकम्पन फैलाया जाता है।



### 22 से निःशुल्क राजयोग अनुभूति शिविर

राजयोग सीखने के इच्छुक लोगों के लिए ब्रम्हाकुमारीज संस्थान द्वारा जिला अस्पताल के पास स्थित सेवा केन्द्र दिव्यधाम में प्रतिदिन दो सत्रों में सुबह 7 से 8 एवं शाम 7 से 8 बजे निःशुल्क सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन किया गया है।

### अब राशन कार्डों का नवीनीकरण 25 जून तक होगा

**धमतरी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में 451 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित है, जिसमें कुल 2 लाख 42 हजार 319 राशनकार्ड प्रचलित हैं। इनमें 2 लाख 16 हजार 229 बीपीएल और 26 हजार 90 एपीएल राशन कार्ड शामिल हैं। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रचलित राशन कार्डों का नवीनीकरण 25 जनवरी से 25 फरवरी तक किया जाना था। अब तक कुल 2 लाख 33 हजार 748 राशन कार्डों का नवीनीकरण हो चुका है एवं 8571 राशन कार्डों का नवीनीकरण किया जाना है। शेष राशन कार्डों के नवीनीकरण के लिए 25 जून तक समयावृद्धि की गई है।























